नागौर को मिला 24वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड

चर्चा में क्यों?

7 जनवरी, 2022 को नागौर ज़िला के अभियान सिलिकोसिस केयर को 'एक्सीलेंस इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन'केटेगरी में 24 वें नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड से नवाजा गया।

प्रमुख बिंदु

- यह अवार्ड केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान, एटॉमिक एनर्जी, अंतरिक्ष विज्ञान तथा लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह व तेलंगाना के नगरीय निकाय, शहरी विकास उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के सचिव वी. श्रीनिवास ने ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी व उनकी टीम को हैदराबाद में आयोजित 24वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया।
- एक्सीलेंस इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन की सिल्वर कैटेगरी में दिये गए इस अवार्ड के तहत नागौर ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी व उनकी टीम को पुरस्कारस्वरूप प्रशस्ति-पत्र और एक लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया।
- गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय स्तर का ई-गवर्नेस अवार्ड प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार देश के सभी 748 ज़िलों में ई-गवर्नेंस पर सबसे बेहतर कार्य करने वाले को दिया जाता है। इसके तहत चार चरणों में संपूर्ण परीक्षण के बाद एक जटिल प्रक्रिया से ज़िले का चयन किया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि सिलिकोसिस रोग से पीड़ित लोगों को सरकार द्वारा प्रदत्त त्वरित सहायता राशि, पेंशन, पालनहार योजना व खाद्य सुरक्षा का लाभ दिये जाने को लेकर नागौर ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की ओर से अभियान 'सिलिकोसिस केयर' चलाया गया। इसके तहत नागौर ज़िले में 2058 जीवित सिलिकोसिस मरीज़ों तथा 360 दिवंगत सिलिकोसिस मरीज़ों के परिजनों को सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकल प्रारूप में डाटाबेस तैयार कर दिया गया।
- इस नवाचार को मॉडल मानते हुए पूरे प्रदेश में अभियान चलाने के निर्देश अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान (गुप-1) विभाग ने भी जारी किये थे।
- विदित हो कि अभियान सिलिकोसिस केयर के लिये गवर्नेस नॉउ टीम की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन इन हेल्थ केयर कैटेगरी में दिया जाने वाला चौथा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवार्ड-2021 भी नागौर ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को गत नवंबर 2021 में प्रदान किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nagaur-receives-24th-national-e-governance-award